एक नजर में

सुन्दरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन

मुलताई। पवित्र नगरी में बजरंग दल द्वारा मंगलवार को साप्ताहिक मिलने कार्यक्रम एवं संगीत मय सुंदरकांड का आयोजन सप्तऋषि टापू पर किया गया। गौरतलब है की मां ताप्ती जन्मोत्सव पर बजरंग दल द्वारा बजरंग दल चौक पर बाल हनुमान जी की आकर्षक झांकी सजाई गई जो आकर्षण का केंद्र भी रही वहीं नशा मुक्ति अभियान भी चलाया गया। मंगलवार को सुंदरकांड के पूर्व विधि विधान से पुजा अर्चना कर श्री गणेश वंदना की गई। जिसके बाद बजरंगी सुन्दरकाण्ड पाठ मंडली ने एक से बढ़कर एक शानदार भजनो के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ सम्पन्न किया एवं प्रसादी वितरण किया।

लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आज

भौंरा। लायंस क्लब कैम्पस भौंरा की वर्ष 2026,2027 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार की शाम साढ़े 7 बजे से गुरुकृपा होटल सुखतवा में रखा गया है। क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन राजेंद्र सिरोठिया ने बताया कि नई टीम में लायन कमल सिंह मर्सकोले अध्यक्ष,लायन संजय शुक्ला सचिव,लायन राकेश साहू कोषाध्यक्ष एवं लायन प्रेम उदयपुरे प्रथम उपाध्यक्ष शामिल किए गए है। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन लायन संजीव मालवीय जोन चेयरपर्सन एम जे एफ लायन जेपी मालवीय विशेष रूप से शामिल होंगे। क्लब के सभी पदाधिकारियों की संस्थापना डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एम जे एफ लायन लायन रिप्पी बग्गा कराएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष लायन बीआर घोड़की के लायंस क्लब कैम्पस भौंरा के सभी सदस्यो से क्लब के इस आयोजन में सपरिवार आकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

पिछले 24 घंटे में 13.9 मिमी वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 13.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 21 जुलाई प्रातः 8 बजे से 22 जुलाई प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 11.6 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 20.0 मिमी, चिचोली में 19.0 मिमी, शाहपुर में 15.0 मिमी, मुलताई में 16.6 मिमी, प्रभात पट्टन में 8.2 मिमी, आमला में 8.0 मिमी, भैंसदेही में 17.0 मिमी, आठनेर में 8.1 मिमी तथा भीमपुर में 17.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 324.6 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025-26 में अब तक 367.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097.4 मिमी रही थी।

भावेश जूनियर नेशनल हॉकी टीम में चयनित

बैतूल। जिले के युवा हॉकी खिलाड़ी भावेश धोटे का चयन हॉकी मध्यप्रदेश की जूनियर नेशनल मेंस टीम में हुआ है। अब वे 23 जुलाई से भोपाल में शुरू होने वाले राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे और इसके बाद मध्यप्रदेश टीम के साथ जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। हॉकी बैतूल के सचिव एवं हॉकी मध्यप्रदेश के संयुक्त सचिव जगेंद्र तोमर ने बताया कि हॉकी मध्यप्रदेश की टीम 28 जुलाई को तमिलनाडु के कोयंबतूर के लिए रवाना होगी, जहां जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

700 करोड़ में बनेगी 21 किमी फोरलेन सड़क, आवागमन होगा सुगम

नवभारत न्यूज

बैतूल, 22 जुलाई. बैतूल-इटारसी फोरलेन के बीच बचे 21 किमी सडक निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है। सिर्फ हाईकोर्ट से स्टे हटाने की देरी है। जैसे ही स्टे हटेगा, सडक निर्माण का काम शुरू कर दिया जायेगा। फिलहाल सडक निर्माण को लेकर टैंडर भी हो चुके है।

भोपाल की कंपनी को मिला सड़क निर्माण का ठेका

दो से ढाई साल में होगा निर्माण पूरा

एनएचएआई द्वारा भोपाल की एक कंपनी को टेंडर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 21 किमी सडक निर्माण के इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 700 करोड़ रूपये खर्च होगे। इधर टैंडर प्रक्रिया के बाद कंपनी द्वारा प्लांट लगाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। वन क्षेत्र में आने वाले इस क्षेत्र में वन्य जीवों की आवाजाही के लिए जगह-जगह अंडरपास और ओवरपास बनाए जाएंगे। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लगभग दो से ढाई साल की अवधि में उक्त प्रोजेक्ट पूर्ण किया जाएगा। बरेठा सहित धार और केसला वन क्षेत्र में फोरलेन सड़क निर्माण होने से भोपाल तक का सफर आसान हो जाएगा। बता दे कि बैतूल जिले के बरेठा सहित नर्मदापुरम के धार और केसला में आने वाली इस सड़क के निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक लगी थी। जिसके कारण यह सडक नहीं बन पाई और इटारासी-बैतूल के माध्यम लगभग 21 किलोमीटर का भाग शेष रह गया था। लेकिन फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई ने हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुरूप प्लान बना लिया है और वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केंद्र सरकार से सभी जरुरी अनुमतियां भी प्राप्त कर ली है। अब हाईकोर्ट का स्टे औपचारिक रूप से हटते ही यहां निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

आसानी हो जायेगा नागपुर-भोपाल का सफर : नागपुर-भोपाल जैसी दो बड़े महानगरों को जोडने् वाले नेशनल हाइवे पर अब तक अवरोध बैतूल जिले में स्थित बरेठा घाट बचा है। भोपाल और नागपुर के बीच आवागमन को सुगम और तेज करने के लिए वैसे तो कई साल पहले बैतूल से नागपुर और बैतूल से भोपाल के लिए फोरलेन नेशनल हाईवे को एक साथ मंजूरी मिली थी। इसमें से बैतूल से नागपुर तक 173.3 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-47) बहुत पहले बन कर तैयार हो चुका। इसके विपरीत बैतूल से इटारसी के बीच 21 किमी के क्षेत्र में सडक निर्माण कार्य पर हाईकोर्ट की रोक थी।

> बैतूल-इटारसी के बीच फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर टैंडर हो चुके है। केवल हाईकोर्ट से स्टे हटना बाकी है। जैसे ही स्टे हटेगा, काम शुरू कर दिया जायेगा। यह पूरा प्रोजेक्ट करीब 700 करोड़ की लागत से पूरा होगा।
>
> **- मनीष मीणा,** प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

दो से ढाई साल में होगा निर्माण पूर्ण

फोरलेन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लगभग 2 से ढाई साल में सडक निर्माण पूर्ण किया जाएगा। एनएचएआई सूत्रों के अनुसार हाईकोर्ट से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद अगले कुछ समय में सडक निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बरेठा घाट में लगभग 7 किमी सडक बनने के साथ ही धार और केसला के वन क्षेत्रों को मिलाकर कुल 21 किलोमीटर सडक निर्माण किया जाएगा। बताया जा रहा है कि टेंडर लेने वाली कंपनी द्वारा तीनों स्थानों पर कैंप बनाने जगह देखी जा रही है। तीनों स्थान पर सडक निर्माण होने के बाद बैतूल से भोपाल तक फोरलेन पूर्ण हो जाएगा और राजधानी का सफर आसान हो जाएगा। अभी हालात यह है कि बरेठा घाट में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है।

हाईकोर्ट में दायर पीआईएल के बाद से रूका है काम

इटारासी-बैतूल के माध्यम बरेठा घाट का लगभग 21 किलोमीटर का भाग शेष रह गया था। इसमें केसला रेज, भौरा रेंज तथा बरेठा घाट के तीन खंड (कुल 20.91 किमी) सम्मिलित है। ये सभी खंड वन्यजीव, विशेषकर टाइगर मुवमेंट कॉरिडोर के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। इसी के चलते इन खंडों में निर्माण कार्य को 1 अप्रैल 2022 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्टे आदेश के पश्चात सथगित कर दिया गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए विभिन्न वैधानिक एवं पर्यावरणीय विशेष रूप से वन्यजीव संबंधों मंजूरियों की आवश्यकता थी। हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए एनएचएआई ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरुप पूरी कर ली है। प्रोजेक्ट के लिए वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केन्द्र सरकार से सभी आवश्यक मंजूरिया प्राप्त हो चुकी है। अब अब उच्च न्यायालय द्वारा स्टे के औरचारिक रूप से हटने के संबंध में आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। जैसे ही न्यायालय से इसे संबंध में निर्देश प्राप्त होंगे, एनएचएआई द्वारा शेष बचे सेक्शन में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

रगड़गांव पहुंचकर कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे बुधवार को जनपद प्रभातपट्टन के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर आत्मीय संवाद कर सड़क, बिजली, पेयजल सहित विभिन्न जनसमस्याओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण महिलाओं ने प्रसूति सहायता योजना एवं जननी सुरक्षा योजना की राशि नहीं मिलने की समस्या कलेक्टर के समक्ष रखी। इस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग

को ग्राम की ऐसी सभी पात्र महिलाओं का चिन्हांकन कर उनकी लंबित राशि एवं अन्य समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्यान्न पर्ची में पात्र हितग्राहियों के नाम नहीं जुड़ने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित ग्राम सचिव को नोटिस जारी करने तथा सभी पात्र आवेदकों के नाम तत्काल जोड़ने के निर्देश सचिव को दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने पूरे गांव के बिजली कनेक्शन काटने तथा बिना अनुमति नल-जल योजना के कनेक्शन काटने की शिकायत भी की। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ सोनवणे एमपीईबी के जूनियर इंजीनियर विजय गुजरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने पंचायत की लिखित कार्ययोजना एवं विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उन्होंने सरपंच एवं रोजगार सहायक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना एवं आत्महत्या के लिए उकसाने के गंभीर मामले में चारों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना चोपना अंतर्गत ग्राम झोली-01 में 15 जुलाई की सुबह पंचायत भवन परिसर स्थित आँवले के पेड़ पर अर्चना पति त्रिनाथ सरकार (40 वर्ष) का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष जांच प्रारंभ की। मृतिका की पुत्री दीक्षा का विवाह 5 दिसंबर 2025 को आरोपी वासुदेव बछाड़ के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय पश्चात से ही पति वासुदेव, ससुर सचिन बछाड़, सास कविता बछाड़ और नंदोई विपुल बैरागी द्वारा विवाहिता दीक्षा को दहेज में कार और 3 लाख रुपये नकद की मांग को लेकर लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता के 4 माह की गर्भवती होने के बावजूद आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई तथा मृतिका व उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी गईं। घटना के दिन मृतिका के शव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें आरोपियों द्वारा दी गई प्रताड़ना और धमकियों का स्पष्ट उल्लेख था। प्रकरण में मर्ग जांच के उपरांत थाना चोपना में धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 85 (क्रूरता), 3(5)बीएनएस एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित दबिश देकर वासुदेव बछाड़ पिता सचिन बछाड़, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम पहाड़पुर, सचिन बछाड़ पिता निर्मल बछाड़, उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम पहाड़पुर, विपुल बैरागी पिता हरिवर बैरागी, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम झोली-01, थाना चोपना, कविता बछाड़ पति सचिन बछाड़, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम पहाड़पुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार महानाट्य का मंचन 27 जुलाई को होगा

पाथाखेड़ा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संस्कार भारती द्वारा सारनी में 27 जुलाई को युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार संघ सृजन महानाट्य का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सायं 6.30 बजे नया समाज कल्याण केंद्र के सभागार में आयोजित होगा। आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, भोपाल के सहयोग से किया जा रहा है।आयोजन समिति के सचिव अंबादास सूने द्वारा बताया गया कि यह महानाट्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण के संकल्प तथा संगठन निर्माण की प्रेरक यात्रा को मंच पर सजीव रूप में प्रस्तुत करेगा। महानाट्य का निर्माण नागपुर की नादब्रह्म संस्था ने किया है। इसके संरक्षक रवि भुसारी, निर्माता पद्माकर धानोरकर, लेखक अजय प्रधान, निर्देशक सुबोध सुजीकर तथा संगीत संयोजन शैलेश दाणी ने किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री डी.डी. उइके, बैतूल विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, पद्मश्री मोहन नागर, आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय महामंत्री मोतीलाल कुशवाह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

अंत्येष्टि सहायता में लापरवाही पर सचिव निलंबित

मुलताई। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने प्रभातपट्टन विकासखंड के ग्राम गेहूंबारसा का भ्रमण कर पंचायत भवन में ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने पेयजल, शिक्षा, बिजली, सड़क एवं अन्य जनसमस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति में आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए बताया गया घोघरी परियोजना से शीघ्र ही ग्राम में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। एक ग्रामीण की अंत्येष्टि सहायता राशि तीन माह से लंबित पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन बुजुर्गों और बच्चों का ई-केवाईसी लंबित है, उनका अभियान चलाकर शीघ्र समाधान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने ग्राम पंचायत की विकास कार्ययोजना के अनुरूप स्वीकृत कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर संबंधित उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं पंचायत भवन नियमित रूप से नहीं खुलने तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास एवं माध्यमिक शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास की नवीन इमारत शुरू होने में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण में नवीन छात्रावास भवन की निर्माण गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने छात्रावास अधीक्षक को हटाने तथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

छात्रों के समर्थन में युवक कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

आमला। छात्रों से जुड़े मुद्दों और कथित अत्याचार के विरोध में युवक कांग्रेस ने मंगलवार को जनपद चौक पर प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की।युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष यशवंत हुडे ने कहा कि छात्रों की आवाज़ को दबाने का हर प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र के साथ अन्याय या अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को छात्रों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए तथा शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए।प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेंद्र भावसार, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कोकाटे, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष, नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गडरे, सेवादल नेता जितेंद्र शर्मा, जिला महासचिव भोला पुंडे, युवक कांग्रेस नेता नवीन सोनकर, सहित कांग्रेस एवं युवक कांग्रेस के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंडेक्शन प्रशिक्षण में दी योजनाओं की जानकारी

बैतूल। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बैतूल द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का जिला स्तर पर 40 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं 8 दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन 26 जुलाई तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग के मीटिंग हॉल में दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर के रूप में परियोजना अधिकारी बैतूल ग्रामीण निर्मल सिंह ठाकूर द्वारा आंगनवाड़ी एंव परियोजना स्तर पर समन्वय कैसे करें, आंगनवाडी से अपेक्षाएं, परियोजना अधिकारी चिचोली चयेन्द्र बुड़ेकर, परियोजना

अधिकारी श्रीमती अर्चना तिवारी, प्रभारी परियोजना अधिकारी आठनेर श्रीमती रंजीता जोशी द्वारा ब्लॉक स्तर पर समन्वय एवं पर्यवेक्षण कार्य में आंगनबाड़ी से अपेक्षाए, प्रभारी परियोजना अधिकारी स्नेहा यादव द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आवेदन की प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेज एंव स्वीकृति, नम्रता सूर्यवंशी पर्यवेक्षक बैतूल ग्रामीण द्वारा समन्वय व आंगनवाडी पर कार्य को कैसे अनुकुल बनाए, ब्लॉक समन्वयक चिचोली विवेक भारद्वाज द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया बालिका गृह का निरीक्षण

सारनी। ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा संचालित बालिका गृह का डीएसपी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी विनोद इवने मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बालिका गृह की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए बालिकाओं से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश वर्मा ने बालिकाओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चा करते हुए उनके रहन-सहन,

अध्ययन, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। साथ ही बालिका गृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैतूल से डीएसपी श्रीमती शैफा हाशमी ने भी बालिका गृह का भ्रमण किया। उन्होंने बालिकाओं से बेहद संवेदनशील एवं आत्मीय वातावरण में बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। डीएसपी ने बालिकाओं से पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी, दबाव या असुविधा तो नहीं है, भोजन की गुणवत्ता कैसी है, वे नियमित रूप से विद्यालय जा रही हैं या नहीं तथा यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो वे बिना किसी संकोच के सीधे पुलिस प्रशासन से संपर्क कर सकती हैं। निरीक्षण के दौरान डीएसपी शैफा हाशमी ने बालिका गृह की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने रगड़गांव स्कूल का किया निरीक्षण, आधारभूत शिक्षा पर जोर

3 साल से अनुपस्थित शिक्षक को टर्मिनेट करने के सख्त निर्देश

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को प्रभातपट्टन विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया।

बच्चों से संवाद कर परखी शैक्षणिक गुणवत्ता

व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

इस दौरान उन्होंने ग्राम रगड़गांव स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पहुंचकर शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता और स्कूल की

आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और शिक्षकों से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या तथा उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से कविता सुनाने के साथ ही जोड़, घटाव, गुणा और भाग से जुड़े प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता परखी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं लावण्या, दीपा तथा छात्र वीर की उन्होंने सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों की आधारभूत शिक्षा (फाउंडेशन लर्निंग) पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि भविष्य की पढ़ाई के लिए उनकी मजबूत नींव तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि शिक्षक जयवंती अहाके पिछले तीन वर्षों से अनुपस्थित हैं। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षक के विरुद्ध जांच कर टर्मिनेट करने की कार्रवाई करने तथा प्रकरण को लंबित रखने वाले संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर पेयजल, शौचालय, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। शौचालय में पानी की टंकी नहीं होने पर उन्होंने पंचायत एवं शिक्षा विभाग को तत्काल टंकी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में बिजली व्यवस्था सुचारू रखने और पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने मध्यान्ह भोजन कक्ष का निरीक्षण कर मेन्यू के अनुरूप भोजन तैयार होने की जानकारी ली तथा दाल एवं सब्जी की गुणवत्ता की जांच की।

पंचायत को विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण एवं विद्यार्थियों के आवागमन की सुविधा के लिए पेविंग ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। वहीं परिसर में जर्जर भवन पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग को उसे तत्काल के निर्देश दिए।

राहुल गांधी पर कार्रवाई का विरोध करेगी कांग्रेस

नवभारत न्यूज

बैतूल, 22 जुलाई. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल ने जिलेभर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, संगठनों और विभागों को तत्काल जिला स्तर पर व्यापक प्रदर्शन आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। निलय विनोद डागा ने कहा कि नई दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस सांसदों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई अलोकतांत्रिक और लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। उनका आरोप है कि देश के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर

शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे छात्रों को दबाने का प्रयास किया गया, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से परीक्षाओं में हुई कथित भारी अनियमितताओं और संस्थागत विफलताओं की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग करेगी। साथ ही परीक्षा प्रणाली की खामियों, जिनसे देश के लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है, उस पर संसद में तत्काल विस्तृत चर्चा कराने तथा दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी आपराधिक प्रकरण वापस लेने की भी मांग उठाई जाएगी। निलय विनोद डागा ने जिले के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं, अभिभावकों और नागरिक समाज के लोगों से विरोध प्रदर्शन में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के जरिए लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने की हर कोशिश का ईंट से ईंट बजाकर जवाब दिया जाएगा।